Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 28-07-2006
Participants : Budholiya Shri Rajnarayan,Kumar Shri Shailendra

>

Title : Need to provide vehicle identification mark for Hon'ble MPs during their visit to Constituencies.

श्री राजनारायन् बुधौलिया : सभापति महोदय, मैं सदन का ध्यान एक महत्वपूर्ण मामले की ओर आकृट कराना चाहता हूं जो सभी माननीय सदस्यों की गरिमा और मान-सम्मान से जुड़ा है। आज देश में अनेक राज्यों की विधान सभाओं द्वारा अपने सदस्यों को निजी गाड़ियों पर पहचान के तौर पर हरी या अन्य प्रकार की बत्तियां लगाने की छूट दी हुई है। वहां जिला पंचायत के अध्यक्ष तक को राज्य मंत्री का दर्जा देते हुए गाड़ी पर लाल बत्ती लगाने की अनुमति दी गई है। माननीय सांसदगण जो अनेक तहसीलों और बहुत अधिक जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन्हें किसी भी प्रकार की बत्ती और नाम पट्टिका या साइरन लगाने की सुविधा नहीं दी गई है जिसके कारण अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए आवागमन में उन्हें बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतः आपके माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि माननीय सदस्यों की उक्त परेशानियों को ध्यान में रखते हुए अपने निजी वाहनों को पहचान के लिए किसी भी रंग की बत्ती अथवा नाम पट्टिका तथा साइरन आदि लगाने की अनुमति प्रदान की जाए।

श्री शैलेन्द्र कुमार : यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है। कभी कभी हम लोगों को अपनी कांस्टीट्यूएंसी में बैठकों में जाना पड़ता है। एक थानाध्यक्ष अपनी गाड़ी पर बत्ती लगाता है लेकिन एक सांसद नहीं लगा सकता है। …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Shri Shailendra Kumar's name will be associated.

… (*Interruptions*)

सभापति महोदय : आपकी बात रिकार्ड पर नहीं जा रही है। आप बैठ जाइए।

(Interruptions) …*